Title: Need to restart rail services between Ankleshwar and Rajpipla, and Bharuch and Dahej in Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी.वसावा (भरूच) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र अंकलेश्वर से राजपिपला और भरूच से दहेज के बीच नैरो गेज रेलवे लाईन को ब्राडगेज रेलवे लाईन में बदलने की मांग की तरफ दिलाना चाहता हूँ। इन दोनों शहरों के बीच कोई रेल सेवा नहीं है जिसके कारण इन आदिवासी बाहुल्य के स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क यातायात से एक तरफ तो लोगों को ज्यादा पैसा देना पड़ता है और समय की बरबादी होती है। 1968 से पहले यहां पर रेल सेवा चलती थी, परन्तु 1968 की बाढ़ के बाद पटरियों में कई कमियां होने के कारण रेल सेवा स्थगित कर दी गई और आज तक रेल सेवा नहीं चली, जबकि इस रेल सेवा को पुनः चलाने हेतु दस साल से लगातार मांग की जा रही है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन रेल सेवाओं को लोकहित में पुनः शुरू किया जाए एवं भरूच और दहेज के बीच नैरो गेज रेल लाईन को ब्रांडगेज में बदला जाए।